nt>

Title: Need to ensure availability of urea and DAP fertilisers in the country.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, रबी सीजन की शुरूआत के समय में किसानों को यूरिया एवं डाई अमोनियम फास्फेट (डी.पी.ए.) की उपलब्धता में संकट का सामना करना पड़ रहा है। उर्वरक उद्योग सूत्रों के अनुसार उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर देश के अधिकांश हिस्सों में किसान दिक्कत का सामना कर रहे हैं। डी.ए.पी. के मामले में 6 प्रतिशत तक और यूरिया के मामले में 2 प्रतिशत तक बाजार में कमी है।

उर्वरकों की उपलब्धता में आई कमी के पीछे जहां अन्तर्राट्रीय बाजार में डी.ए.पी. एवं उसके उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले अमोनियम फास्फेट की ऊंची कीमतें हैं वहां इस साल बेहतर रबी सीजन के चलते मांग अधिक है। पिछले साल की बेहतर खपत के बाद इस साल की अधिक मांग के चलते यह संकट खड़ा हो रहा है, लेकिन अभी तक सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। यह अत्यधिक चिंताजनक है। सरकार को चाहिए कि वह अविलम्ब इन उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करे जिससे किसान को संकट का सामना न करना पड़े।